रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 468] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 19, 2012/भाद्र 28, 1934

No. 468] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 19, 2012/BHADRA 28, 1934

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 2012

सा.का.नि. 702(अ).—केन्द्रीय सरकार, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की धारा 38 (ख) की उप-धारा (7) के साथ पठित धारा 63 की उप-धारा (1) के खंड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय प्राणी उद्यान प्राधिकरण (अधिकारी और अन्य कर्मचारी) भर्ती नियम, 1994 को, जहां तक उनका संबंध मूल्यांकन और अनुश्रवण अधिकारी, वित्त अधिकारी, निजी सचिव, लेखाकार, आंकड़ा प्रक्रमण सहायक श्रेणी "क", वैयक्तिक सहायक, उच्च श्रेणी लिपिक, निम्न श्रेणी लिपिक, स्टाफ कार ड्राइवर और चपरासी के पदों से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण में अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (अधिकारी और अन्य कर्मचारी) भर्ती नियम, 2012 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **लागू होना.**—ये नियम इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे ।

3. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान.**—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ 5 से स्तंभ 13 में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. **शिथिल करने की शक्ति** —जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके और इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

7. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम	पद संख्या	वर्गीकरण	वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान	चयन अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अहर्ताएं
1	2	3	4	5	6	7
1. उप महानिरीक्षक	5* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'क' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 4 : 37400-67000 रु0 + ग्रेड वेतन 8900/- रु0	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं ।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो ।
8	9
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा ।
10	11
प्रतिनियुक्ति	प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन भारतीय वन सेवा के ऐसे अधिकारी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-4 : 37400-67000 रु0 + ग्रेड वेतन 8700 रु0 में दो वर्ष नियमित सेवा की है ; या (iii) जिन्होंने वेतन बैंड-3 15600-39100 रु0 + ग्रेड वेतन 7600 रु0 में छह वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित चिड़ियाघर में या केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त प्राइवेट चिड़ियाघर में या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त चिड़ियाघर या वन्य जीव संबंधी संगठन में चिड़ियाघर प्रबंध या वन्य जीव प्रबंध के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव है । **टिप्पण 1** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी

	उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्सथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थतियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
12	13
लागू नही होता ।	लागू नहीं होता ।

1	2	3	4	5	6	7
2. मूल्यांकन और मानीटरिंग अधिकारी	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'क' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -3 : 15600-39100 रु0 + ग्रेड वेतन 6600- रु0	चयन	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

10	11
प्रोन्नति जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) ।	प्रोन्नति : ऐसे वैज्ञानिक अधिकारी जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है । **टिप्पण** 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होनें ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो । **टिप्पण 2** : प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्सथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी । प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-3 15600-39100 रु0 + ग्रेड वेतन 5400 रु0 में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है :-- आवश्यक :

	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एक विषय के रूप में प्राणी विज्ञान या वन्य जीव विज्ञान में मास्टर डिग्री । (ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित चिड़ियाघर में या केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त प्राइवेट चिड़ियाघर में या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त चिड़ियाघर या वन्य जीव संबंधी संगठन में चिड़ियाघर प्रबंध या वन्य जीव प्रबंध के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव । वांछनीय : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्राणी विज्ञान या वन्य जीव विज्ञान में पीएचडी डिग्री **टिप्पण 1** : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 4** : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्सथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्निलिखित से मिलकर बनेगी :- 1. अपर वन महानिदेशक (वन्य जीव) पर्यावरण और वन मंत्रालय - अध्यक्ष 2. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 3. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव) पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 4. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता ।

1	2	3	4	5	6	7
3. वित्त अधिकारी	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'क' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -3 : 15600-39100 रु0 + ग्रेड वेतन 5400 रु0	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9
लागू नहीं होता	प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए दो वर्ष

10	11
प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) ऐसे लेखा अधिकारी जिन्होंने वेतन बैंड-2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4800 रु0 में दो वर्ष नियमित सेवा की है ; या (iii) ऐसे सहायक लेखा अधिकारी जिन्होंने वेतन बैंड-2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4600 रु0 में तीन वर्ष नियमित सेवा की है ; ऐसे विभागीय लेखाकार पर भी बाह्य व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है और यदि उस पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन हो जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा । **टिप्पण 1** : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 4** : प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
4. निजी सचिव	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 2 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4600 रु0	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

10	11
प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति : (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्रों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारी,-

	(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) ऐसे आशुलिपिक जिन्होंने जिन्होंने वेतन बैंड-2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200 रु0 में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ; या ऐसे विभागीय वैयक्तिक सहायक पर भी बाह्य व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है और यदि उस पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन हो जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा । **टिप्पण 1** : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** प्रतिनियुक्ति की अवधि, (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है), जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 4** : प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्सथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
5. लेखाकार	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200/- रु0	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

8	9
लागू नहीं होता	प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए दो वर्ष

10	11
प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या

	(ii) ऐसे उच्च श्रेणी लिपिक जिन्होंने वेतन बैंड-1 के 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2400 रु0 में आठ वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है :-- (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम ; (ii) जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य का प्रशिक्षण लिया हो और जिनके पास केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी कार्यालय में रोकड़, लेखा और बजट कार्य का तीन वर्ष का अनुभव हो । ऐसे विभागीय उच्च श्रेणी लिपिक जिन्होनें उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की हो और जो सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य का प्रशिक्षण लिया हो पर भी बाह्य व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि उस पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन हो जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा । **टिप्पण 1** : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । **टिप्पण 2** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 3** : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 4** : प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी,

	2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्सथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
6. वैयक्तिक सहायक	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 2: 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200 रु0	लागू नहीं होता	30 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री । (ii) आशुलिपि में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति और टंकण में 40 शब्द प्रतिमिनट की गति । वांछनीय : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के कार्यालय में आशुलिपिक के रूप में दो वर्ष का अनुभव ।

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष

10	11
सीधी भर्ती द्वारा । टिप्पण : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्ही अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेगी,- (क)(i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200 - 20200 + ग्रेड वेतन 2800 रु0 में छह वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हता और अनुभव है ।	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
7. आंकड़े प्रक्रमण सहायक श्रेणी 'क'	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200 रु0	लागू नहीं होता	30 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री । (ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी संस्था से कंप्यूटर उपयोजन में डिप्लोमा या प्रमाणपत्र । वांछनीय : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के कार्यालय में कार्यक्रमण तंत्र संक्रिया और विश्लेषण का एक वर्ष का अनुभव ।

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष

10	11
सीधी भर्ती द्वारा । टिप्पण : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्ही अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियो से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेंगी,- (क)(i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2800 रु0 में छह वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हता और अनुभव है ।	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
8. मूल्यांकन और मानीटरिंग सहायक	1* (2012) कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ख' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 2 : 9300-34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200 रु0	अचयन	30 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	आवश्यक : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में प्राणी विज्ञान या वन्य जीव में बी.एस.सी वांछनीय : (i) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित चिड़ियाघर में या केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त प्राइवेट चिड़ियाघर में या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त चिड़ियाघर या वन्य जीव संबंधी संगठन में चिड़ियाघर संबंधी क्रियाकलापों के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव । (ii) कंप्यूटर उपयोजन का ज्ञान ।

8	9
आयु : नहीं, शैक्षिक अर्हता : हां	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों और प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए दो वर्ष ।

10	11
प्रोन्नति जिसके ने हो सकने पर प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा	प्रोन्नति द्वारा : ऐसे तकनीकी सहायक जिन्होंने उस श्रेणी में छह वर्ष नियमित सेवा की है । **टिप्पण** 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के सबध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होनें ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो । **टिप्पण 2** : प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस

	जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी । प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) : केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्रों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या कानूनी या स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारी ; (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पदधारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2800 रु0 में छह वर्ष नियमित सेवा की है ; और (iii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2400 रु0 में आठ वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है । टिप्पण 1 : पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । टिप्पण 2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

	टिप्पण 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 4** : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तत्संथानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
9. तकनीकी सहायक	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2800 रु0	लागू नहीं होता	27 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	आवश्यक : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में प्राणी विज्ञान या वन्य जीव विज्ञान में बी.एस.सी वांछनीय : (i) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित चिड़ियाघर में या केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त प्राइवेट चिड़ियाघर में या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त चिड़ियाघर या वन्य जीव संबंधी संगठन में चिड़ियाघर संबंधी क्रियाकलापों के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव । (ii) कंप्यूटर उपयोजन का ज्ञान ।

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष ।

10	11
सीधी भर्ती द्वारा । टिप्पण : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्ही अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेंगी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200 - 20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2800 रु0 में छह वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हता और अनुभव है ।	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या मंत्रालय से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य । 5. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
10. उच्च श्रेणी लिपिक	*1 (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड - 1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 2400 रु0	अचयन	27 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या समतुल्य (ii) स्वतंत्र रूप से पत्राचार करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव (iii) कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट और हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति से टंकण उत्तीर्ण किया हो (प्रत्येक शब्द के लिए 5 कुंजी दाब के औसत पर 10500 के डीपीएच के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट)

8	9
लागू नहीं होता	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष ।

10	11
प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	प्रोन्नति : ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जिन्होंने उस श्रेणी में आठ वर्ष नियमित सेवा की है । **टिप्पण** 1: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होनें ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो । **टिप्पण 2** : प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या उस तारीख से जिससे छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान का साधारण ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद, (उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर

	आधारित विस्तारित तत्स्थानी ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी ।

12	13
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या मंत्रालय से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य । 5. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
11. अवर श्रेणी लिपिक	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 1900- रु0	लागू नहीं होता	27 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य अर्हता । (ii) कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट और हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति से टंकण उत्तीर्ण किया हो (प्रत्येक शब्द के लिए 5 कुंजी दाब के औसत पर 10500 के डीपीएच के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट)

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष ।

10	11
सीधी भर्ती द्वारा टिप्पण : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्ही अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेंगी,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200 - 20200 रु0 + ग्रेड वेतन 1800 रु0 में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव है ।	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या मंत्रालय से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य । 5. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
12. स्टाफ कार ड्राइवर	1* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 1900-रु0	लागू नहीं होता	27 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य अर्हता । (ii) जिनके पास हल्का और भारी यान चलाने के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति हो । (iii) नेमी अनुरक्षण, सर्विसिंग कार्य से सुपरिचित होना चाहिए और चालू मरम्मत करने के योग्य होना चाहिए

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष ।

10	11
सीधी भर्ती द्वारा टिप्पण : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्ही अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेंगी,,- (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या (ii) जिन्होंने वेतन बैंड-1 : 5200 - 20200 रु0 + ग्रेड वेतन 1800 रु0 में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ; और (ख) जिनके पास स्तंभ 7 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं है ।	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या मंत्रालय से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य । 5. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
13. बहु कार्य कर्मचारिवृंद	2* (2012) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	केन्द्रीय सरकार के समूह 'ग' अधिकारी के समतुल्य	वेतन बैंड -1 : 5200-20200 रु0 + ग्रेड वेतन 1900 रु0 .	लागू नहीं होता	27 वर्ष तक (केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए साधारण अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 40 वर्ष तक और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में शिथिल करके 45 वर्ष तक की जा सकती है । **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मैट्रीकुलेशन या समतुल्य अर्हता ।

8	9
लागू नहीं होता	दो वर्ष ।

10	11
सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता

12	13
समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - अध्यक्ष 2. संयुक्त निदेशक (वन्य जीव), पर्यावरण और वन मंत्रालय - सदस्य 3. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य 4. केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग या मंत्रालय से एक समूह 'क' अधिकारी - सदस्य । 5. वित्त अधिकारी, केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण - सदस्य	लागू नहीं होता

[फा. सं. 3-1/2010-सीजेडए]

डॉ. एस. के. खण्डूड़ी, वन महानिरीक्षक (वन्यजीव)

MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS

NOTIFICATION

New Delhi, the 18th September, 2012

G.S.R. 702(E).—In exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (1) of section 63 read with sub-section (7) of section 38(B) of the Wildlife (Protection) Act, 1972 (53 of 1972) and in supersession of the Central Zoo Authority (Officers and Other Employees) Recruitment Rules, 1994, in so far as they relate to the posts of Evaluation and Monitoring Officer, Finance Officer, Private Secretary, Accountant, Data Processing Assistant Grade 'A', Personal Assistant, Upper Division Clerk, Lower Division Clerk, Staff Car Driver and Peon, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules regulating the method of recruitment of the officers and other employees of the Central Zoo Authority, namely :—

1. **Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Central Zoo Authority (Officers and Other Employees) Recruitments Rules, 2012.

(2) They shall comes into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application .**— These rules shall apply to the posts specified in column 1 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Number of posts, classification, pay band and grade pay or pay scale.**— The number of said pasts, their classification, pay band and grade pay or pay scale attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 13 of the aforesaid Schedule.

5. **Disqualification.**— No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Caste, the Scheduled Tribes, ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

